आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 बुधवार 24.04.2024

मुख्य समाचारः–

1– भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंबिकापुर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार आतंकवाद और नक्सलवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रही है।

2– प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर संसदीय क्षेत्रों में आज शाम चुनाव प्रचार थम गया।

3– दंतेवाड़ा में एक मिलिशिया प्लाटून कमांडर और तीन महिलाओं समेत अट्ठारह माओवादियों ने आज पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया।

4– प्रदेश में कल पच्चीस अप्रैल को एक–दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना।

प्रधानमंत्री–अंबिकापुर सभा

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने दो दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरे के अंतिम दिन आज सुबह अंबिकापुर में एक जनसभा ली। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने आरक्षण, संविधान के मुद्दे के साथ ही नक्सलवाद और आतंकवाद के मुद्दे को लेकर कांग्रेस पर अनेक आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की कोशिश रही है कि आदिवासियों और अनुसूचित जातियों का आरक्षण कम करके धर्म के आधार पर आरक्षण दिया जाए। श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस संविधान बदलकर अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्ग का हक अपने वोट बैंक को देना चाहती है। उन्होंने कहा कि आरक्षण की रक्षा सिर्फ भाजपा ही कर सकती है।

श्री मोदी ने कहा कि ऐसे लोग जो भारत को शक्तिशाली और आत्मनिर्भर नहीं देखना चाहते, वे देश में विपक्ष की गठबंधन वाली कमजोर सरकार चाहते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार आतंकवाद और नक्सलवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस हिंसा फैलाने वालों का समर्थन करती है।

श्री मोदी ने कहा कि विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री के रूप में छत्तीसगढ़ के सपनों को साकार कर रहे हैं। उन्होंने किसानों को दी गई गारंटी को पूरा किया। तेंदूपत्ता संग्राहकों को ज्यादा पैसे दे रहे हैं। यहां की जनता को महतारी वंदन योजना का लाभ भी मिल रहा है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, सरगुजा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी चिंतामणी महाराज सहित भारतीय जनता पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।

लोकसभा–चुनाव प्रचार

प्रदेश में दूसरे चरण का चुनाव प्रचार खत्म होने के बाद अब राजनीतिक पार्टियां तीसरे चरण के लिए जोर–आजमाइश कर रही है। प्रमुख पार्टी भाजपा और कांग्रेस के बड़े नेता चुनाव प्रचार को लेकर लगातार छत्तीसगढ़ का दौरा कर रहे हैं। इसी कड़ी में भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह छब्बीस अप्रैल को दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के तहत बेमेतरा में एक जनसभा लेंगे। उनके दौरे को लेकर भाजपा ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। दुर्ग लोकसभा क्षेत्र से विजय बघेल भाजपा प्रत्याशी है।

दूसरी ओर, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का अट्ठाईस और सांसद राहुल गांधी का उनतीस अप्रैल को छत्तीसगढ़ दौरा प्रस्तावित है। श्री खड़गे अट्ठाईस अप्रैल को जांजगीर में जनसभा ले सकते हैं। इस लोकसभा क्षेत्र से डॉक्टर शिवकुमार डहरिया कांग्रेस

प्रत्याशी है। वहीं, राहुल गांधी की उनतीस अप्रैल को बिलासपुर में जनसभा प्रस्तावित है। बिलासपुर से कांग्रेस ने देवेन्द्र यादव को टिकट दी है।

लोकसभा चुनाव–दूसरा चरण

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर संसदीय क्षेत्रों में आज शाम चुनाव प्रचार थम गया। इसके बाद प्रत्याशी घर–घर जाकर जनसंपर्क कर सकेंगे। इन तीनों लोकसभा क्षेत्रों में छब्बीस अप्रैल को मतदान होगा। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत पंडरिया, कवर्धा, खैरागढ़, डोंगरगढ़, रानजांदगांव, डोंगरगांव और खुज्जी विधानसभा क्षेत्रों में सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक वोट डाले जाएंगे। वहीं, मोहला–मानपुर विधानसभा क्षेत्र में सुबह सात बजे से दोपहर तीन बजे तक मतदान होगा। वहीं, महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत सरायपाली, बसना, खल्लारी, महासमुंद, राजिम, कुरूद और धमतरी विधानसभा क्षेत्रों में भी सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा। केवल बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के नौ मतदान केन्द्रों में सुबह सात बजे से दोपहर तीन बजे तक मतदाता अपना वोट डाल सकेंगे।

इसी तरह, कांकेर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत सिहावा, संजारी–बालोद, डौंडीलोहारा, गुंडरदेही विधानसभा क्षेत्रों में सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा। साथ ही अंतागढ़, भानुप्रतापपुर, कांकेर और केशकाल विधानसभा क्षेत्रों में मतदान का समय सुबह सात बजे से दोपहर तीन बजे तक निर्धारित है।

इन तीनों लोकसभा क्षेत्रों में तीन महिला सहित इकतालीस उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

गौरतलब है कि दूसरे चरण के तहत राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाताओं की कुल संख्या बावन लाख चौरासी हजार नौ सौ अड़तीस है। दूसरे चरण के मतदान के लिए छह हजार पांच सौ सड़सठ मतदान केन्द्र बनाए गए हैं।

मतदान कर्मी–रवाना

दूसरे चरण के तहत छब्बीस अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए मतदान कर्मियों की रवानगी शुरू हो गई है। आज कांकेर लोकसभा क्षेत्र के नौ मतदान केन्द्रों के लिए बहत्तर मतदान कर्मचारी हेलीकॉप्टर के माध्यम से मतदान केन्द्रों के लिए भेजे गए। इसी तरह, महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत गरियाबंद जिले के दो मतदान केन्द्रों के लिए पन्द्रह मतदान कर्मचारियों को भी हेलीकॉप्टर से मतदान केन्द्र भेजा जा चुका है।

उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अपूर्व प्रियेश टोप्पो ने रायपुर में पत्रकारवार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दूसरे चरण में तीन हजार दो सौ तैंतालीस मतदान केन्द्रों में वेबकास्टिंग कराई जाएगी। वेबकास्टिंग की मॉनिटरिंग के लिए राज्य स्तर पर कमांड एंड कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है।

मतदाता जागरूकता

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के तहत मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। जांजगीर–चांपा जिले में ''घर आजा संगी'' कार्यक्रम के तहत दूसरे राज्यों में काम कर रहे श्रमिकों से फोन और वीडियो कॉल के माध्यम से मतदान के दिन अपने गांव या शहर आकर मतदान करने की अपील की जा रही है। इस कार्य में जिले के बीएलओ के अलावा ग्राम पंचायत के सचिव भी जुटे हुए हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी निशा नेताम मड़ावी ने बताया कि अब तक जिले के अट्ठारह हजार से अधिक श्रमिकों से संपर्क किया जा चुका है।

वहीं, बलरामपुर जिले के पण्डो जनजाति समुदाय के मतदाताओं को स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। वीरेन्द्रनगर, बिजाकुरा, बेलसर, रघुनाथनगर गांवों में पंडो जनजाति की महिलाओं के द्वारा ''मेरा वोट मेरा अधिकार'' पोस्टर के साथ रैली निकाली गई। साथ ही मेंहदी और रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया गया।

कांग्रेस अध्यक्ष–ट्रेन यात्री

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने आज रायपुर रेल्वे स्टेशन पहुंच कर यात्रियों से बातचीत की। इस दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए श्री बैज ने कहा कि गर्मी की छुट्टियां चल रही और शादी–ब्याह का सीजन भी है। ऐसे में ट्रेनों के रद्द होने और विलंब से चलने के कारण यात्रियों को बहुत परेशानियां हो रही हैं। अट्ठारह ट्रेनों को फिर रद्द कर दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि देश में आज एक भी ट्रेन ऐसी नहीं है जो समय पर अपने गंतव्य तक पहुंचती हो। पिछले तीन साल से छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली साठ हजार से अधिक ट्रेनों को रद्द किया गया है।

इस बीच, रेलवे ने कहा है कि गर्मी के मौसम में यात्रियों को कंन्फर्म बर्थ की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अतिरिक्त ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। साथ ही समर स्पेशल ट्रेनें भी चलाई जा रही हैं।

ट्रेन परिचालन–प्रभावित

सिकंदराबाद रेल मण्डल के काजीपेट जंक्शन–कोंडापल्ली सेक्शन और विजयवाड़ा रेल मण्डल के विजयवाड़ा –गोधरा जंक्शन के बीच तीसरी रेलवे लाइन का कार्य किया जाएगा। इस वजह से कोरबा–कोचुवेलि एक्सप्रेस एक, चार, आठ, ग्यारह, पन्द्रह और बाईस मई को रद्द रहेगी। इसी तरह कोचुवेलि से चलने वाली यह ट्रेन उनतीस अप्रैल, दो, छह, नौ, तेरह और सोलह और बीस मई को रद्द रहेगी।

इसके अलावा विशाखापटनम–नई दिल्ली एक्सप्रेस, विशाखापटनम–गांधीधाम एक्सप्रेस, पुरी–ओखा एक्सप्रेस और विशाखापटनम–निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग से चलेगी।

कांग्रेस–निष्कासन

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने संयुक्त महासचिव राघवेंद्र सिंह ठाकुर को पार्टी संगठन के खिलाफ कार्य किये जाने के आरोप में कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से छह वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया है। इस संबंध में आज प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गेंदु ने आदेश जारी कर दिया।

कांग्रेस–चुनाव आयोग शिकायत

इस बीच, कांग्रेस ने रायपुर सहित प्रदेश के अनेक स्थानों में सार्वजनिक विद्युत पोल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पोस्टर लगे होने की शिकायत मुख्य चुनाव आयुक्त से की है। इस संबंध में आयोग को दिए एक ज्ञापन में कांग्रेस ने कहा है कि पूरे देश में आदर्श आचार संहिता लागू है ऐसी स्थिति में भाजपा द्वारा सार्वजनिक विद्युत पोल में प्रधानमंत्री के पोस्टर लगाया जाना आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है।

## माओवादी–आत्मसमर्पण

दंतेवाड़ा में एक मिलिशिया प्लाटून कमांडर और तीन महिलाओं समेत अट्ठारह माओवादियों ने आज पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। ये सभी प्रतिबंधित सीपीआई की भैरमगढ़ और मलांगीर एरिया कमेटी के सदस्य थे। मिली जानकारी के अनुसार लोन वर्राटू अभियान के तहत इन अट्ठारह माओवादियों ने दंतेवाड़ा रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक कमलोचन कश्यप और पुलिस अधीक्षक गौरव राय के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन की पुनर्वास योजना के तहत इन सभी आत्मसमर्पित माओवादियों को पच्चीस–पच्चीस हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि और पुनर्वास योजना के तहत मिलने वाले सभी लाभ दिए जाएंगे।

## अनिल टुटेजा–रिमांड

कथित शराब घोटाले मामले में सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा को आज प्रवर्तन निदेशालय–ईडी ने रायपुर की स्पेशल कोर्ट में पेश किया। ईडी ने आवेदन लगाकर अनिल टुटेजा की चौदह दिन की रिमांड मांगी थी। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने अनिल टुटेजा की पांच दिन की रिमांड पर ईडी को सौंप दिया है।

## मौसम

प्रदेश में कल पच्चीस अप्रैल को एक–दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने और वज्रपात होने की संभावना है। वहीं, अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>